उत्तर प्रदेश में मारे गए लोग

1886. **श्री जनार्दन यादव:** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश में राष्ट्रपति शासन के दौरान, 1 जनवरी, से 30 जनवरी 1997 तक 335 लोग मारे गए थे और यह संख्या उन हत्याओं की संख्या से अधिक है जो एक माह की अवधि के अन्दर पंजाब एवं जम्मू और कश्मीर में हुई थी;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार ने इस प्रकार की हत्याओं की रोकथाम के लिए क्या कदम उठाए?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मोहम्मद मकबूल डार): (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी।

Land-Grabbing Rackets in AMU Campus

1887. SHRI AMAR SINGH: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government are aware that land-grabbing rackets have been flourishing in the campus of Aligarh Muslim University; and

(b) whether it is a fact that recently a more sophisticated and organised brand of criminals arrived in the crime scenario at the University; and if so, the action Government propose to take to clear the campus from these criminals?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI MOHD. MAQBOOL DAR): (a) and (b) Facts are being ascertained and a report will be laid on the Table of the House.

"कास्ट प्लस शिपिंग बिल्स" शीर्षक से तैयार की गई रिपोर्ट

1888. **श्री चीमनभाई हरीभाई शुक्ला:** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार डा० केलकर द्वारा तैयार "कास्ट प्लस शिपिंग बिल्स" शीर्षक से तैयार की गई रिपोर्ट से अवगत है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उक्त रिपोर्ट की मुख्य विशेषताएं क्या हैं और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या मंत्रीमंडलीय समिति ने इस रिपोर्ट को स्वीकृति प्रदान कर दी है;

(ग) यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) उपर्युक्त रिपोर्ट कब तक जारी कर दिये जाने की संभावना है?

जल-भूतल परिवहन मंत्री (श्री टी०जी० वेंकटरामन): (क) से (ङ): सूचना एकत्र की जा रही है और राज्य सभा पटल पर रखी दी जाएगी।

केन्द्रीय सड़क निधि से उत्तर प्रदेश को आबंटित धनराशि

1889. **श्रीमती मालती शर्मा:** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान केन्द्रीय सड़क निधि से उत्तर प्रदेश को आबंटित की गई धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) 1997-98 के दौरान कितनी धनराशि आबंटित किये जाने की संभावना है;

(ग) क्या इस प्रकार का आबंटन करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

जल-भूतल परिवहन मंत्री (श्री टी० जी० वेंकटरामन): (क) पिछले तीन वर्षों में उत्तर प्रदेश राज्य को केन्द्रीय सड़क निधि (सी आर एफ) से किया गया आबंटन इस प्रकार है:—